दिन– बुधवार                                                                 दिनांक– 16 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                  अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने बालू समेत अन्य खनिजों के अवैध खनन पर दस लाख रूपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया।

02. प्रदेश में बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली दर में वृद्धि के प्रस्ताव को खारिज किया।

03. रेलवे ने बिहार के लिए चार अमृत भारत ट्रेन को मंजूरी दी। दरभंगा से दिल्ली, नई दिल्ली और हिसार तथा छपरा से पुणे के बीच ट्रेनों का होगा परिचालन।

04. और, पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आज से अन्तर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के तहत चांसलर ट्रॉफी की होगी शुरूआत।

———————————————————————————

प्रदेश में बालू समेत अन्य खनिजों के अवैध खनन पर अब दस लाख रूपये तक का जुर्माना लगेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में बिहार खनिज संशोधन नियमावली दो हजार चौबीस के तहत इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि पहले अवैध खनन पर पच्चीस हजार रूपये से लेकर चार लाख रूपये तक के जुर्माने का प्रावधान था। उन्होंने कहा कि नियमावली के तहत अवैध परिवहन और भंडारण पर भी जुर्माना लगाया जायेगा।

———बाईट———

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने कोसी–मेची नदी जोड़ योजना के दूसरे चरण के डीपीआर के लिए चौदह करोड़ सोलह लाख रूपये मंजूर किये हैं।

———बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश में बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली कम्पनी की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई के बाद बिजली दर में वृद्धि के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। आयोग के अध्यक्ष आमीर सुबहानी, सदस्य अरूण कुमार सिन्हा और पी.एस. यादव की बेंच ने बिजली कम्पनियों को स्पष्ट किया की उनके किसी दावे का बिजली दरों पर कोई असर नहीं होगा।

———————————————————————————

रेलवे ने बिहार के लिए चार अमृत भारत ट्रेन को मंजूरी दी है। इन ट्रेनों का परिचालन दरभंगा से दिल्ली, दरभंगा से हिसार, दरभंगा से नई दिल्ली और छपरा से पुणे, के बीच किया जायेगा। रेलवे बोर्ड ने संबंधित रेल मंडल से तत्काल समय सारणी और ट्रेन नम्बर की मांग की है, जिससे आगे की प्रक्रिया पूरी की जा सके। वर्तमान में दरभंगा से आनंद विहार के बीच एक अमृत भारत ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।

———————————————————————

रेलवे ने गया से मुम्बई के लिए सीधी ट्रेन सेवा की शुरूआत की है। यह ट्रेन प्रत्येक बुधवार को गया से शाम सात बजे चलेगी और रांची, रायपुर, भुसावल तथा नागपुर होते हुये मुम्बई के लोकमान्य तिलक टर्मिनल पर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर एक बजकर पन्द्रह मिनट पर गया के लिए रवाना होगी।

———————————————————————

पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर–गोंडा रेलखंड पर तकनीकी काम के चलते चौदह रेलगाड़ियों को सत्ताईस अक्टूबर तक अलग–अलग तिथियों में रद्द कर दिया गया है। इनमें लखनऊ–पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, बापूधाम मोतिहारी–आनंद विहार एक्सप्रेस और सहरसा–आनंद विहार स्पेशल ट्रेन शामिल हैं। इसके अलावा इक्यावन ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से करने का फैसला किया गया है। इधर, पूर्व मध्य रेलवे ने सरायगढ़–देवघर स्पेशल ट्रेन को सरायगढ़ से पाटलिपुत्र के बीच चलाने का निर्णय किया है। यह ट्रेन सरायगढ़ से सुबह चार बजकर बीस मिनट पर रवाना होकर ग्यारह बजकर चालीस मिनट पर पाटलिपुत्र पहुंचेगी।

———————————————————————

प्रदेश में इस बार भी दीपावली में पटाखों के इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को पत्र निर्गत किया है। पत्र में कहा गया है कि पटाखों से होने वाले वायु और ध्वनि प्रदूषण के कारण इनकी खरीद–बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाता है। गौरतलब है कि पिछले साल भी पर्षद ने पटाखों पर प्रतिबंध लगाया था। लोगों को ग्रीन पटाखे के इस्तेमाल की सलाह दी गयी थी।

———————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि बाहरी लोगों के प्रवेश के चलते विद्यालयों में पढाई बाधित होती है। साथ ही शिक्षकों और छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। आदेश के अनुसार अब विद्यालय प्रधान ही बाहरी लोगों से बातचीत करेंगे।

———————————————————————————

बिहार राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद ने बासठ औद्योगिक इकाईयों के निवेश प्रस्ताव के प्रथम चरण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इन इकाईयों की ओर से दो हजार तीन सौ सैंतालीस करोड़ रूपये का निवेश प्रस्तावित है। विकास आयुक्त चैतन्य प्रसाद ने बताया कि पैंतालीस औद्योगिक इकाईयों को आठ सौ अड़सठ करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की गयी है।

———————————————————————————

प्रदेश में आज से दो सौ छत्तीस नदी घाटों पर बालू का खनन शुरू हो गया है। खान और भू–तत्व विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पूरे खनन प्रक्रिया की ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जा रही है। गौरतलब है कि एनजीटी के निर्देश पर राज्य में पन्द्रह जून से पन्द्रह अक्टूबर तक बालू का खनन बंद था।

———————————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने भूमि सर्वे में आ रही परेशानी को दूर करने के लिए कैथी लिपि में पुस्तक के प्रकाशन का फैसला किया है। यह पुस्तक अमीन, कानूनगो, राजस्व कर्मचारी, अंचलाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता और अपर समाहर्ता समेत सभी शिविर प्रभारियों के बीच बांटी जायेगी। विभागीय मंत्री डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल ने बताया कि इससे कैथी में लिखे दस्तावेजों को समझने में सहूलियत होगी।

———————————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार समेत आठ राज्यों को कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति पर नोटिस जारी किया है। न्यायालय ने एक याचिका की सुनवाई करते हुये कहा कि कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति वाली अधिसूचना शीर्ष अदालत के वर्ष दो हजार छह के एक फैसले की अवमानना है।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने बिहार की चार विधानसभा सीटों के लिए उप–चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज सीट पर तेरह नवम्बर को मतदान होगा। चुनाव की अधिसूचना अठारह अक्टूबर को जारी होगी और इसी दिन से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रत्याशी पच्चीस अक्टूबर तक नामांकन पत्र भर सकेंगे। अट्ठाईस अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच होगी। वहीं, उम्मीदवार तीस अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। मतों की गिनती तेईस नवंबर को होगी। इमामगंज सीट से हम के जीतनराम मांझी, रामगढ़ से राजद के

सुधाकर सिंह, बेलागंज से राजद के सुरेन्द्र प्रसाद यादव और तरारी से भाकपा–माले के सुदामा प्रसाद के लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद इन सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं।

———————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आज से अन्तर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के तहत चांसलर ट्रॉफी का आयोजन किया जायेगा। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर इस प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। उन्नीस अक्टूबर तक चलने वली इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के प्रतिभागी शामिल होंगे।

———————————————————————

पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय सी.के. नायडू क्रिकेट टूर्नामेंट में हैदराबाद की टीम ने बिहार को दस विकेट से पराजित कर दिया।

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कटिहार तीन स्वर्ण पदक जीत कर पहले स्थान पर है। वहीं, सारण की टीम दो स्वर्ण के साथ दूसरे स्थान पर है।

खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने पटना में बिहार राज्य स्पोर्ट्स क्लाइबिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में चौवन खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

———————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक सौ तीस नये मामलों की पुष्टि हुई है। इसमें सबसे अधिक अंठावन मरीज पटना से हैं। इधर, पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डेंगू पीड़ित एक सत्तर वर्षीय मरीज की मौत हो गयी।

———————————————————————

पूर्णियां के रहने वाले एयर मार्शल अवधेश भारती को भारतीय वायु सेना में एयर ऑपरेशंस का महानिदेशक बनाया गया है। अब उनकी देखरेख में मित्र देशों के सभी सैन्य अभ्यास होंगे। अवधेश भारती पूर्णियां जिले के झुन्नीकला गांव के रहने वाले हैं।

———————————————————————

अपराध अनुसंधान विभाग की डीआईजी किम को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में डीआईजी बनाया गया है। गृह विभाग ने उन्हें केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए विरमित कर दिया है।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने सत्तरवीं एकीकृत संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि चार नवम्बर तक बढ़ा दी है। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि

अठारह अक्टूबर तक निर्धारित थी। इधर, आयोग ने परीक्षा के लिए सत्तर और रिक्तियों में बढ़ोतरी की है। अब यह परीक्षा दो हजार सत्ताईस पदों के लिए होगी।

————————————————————————

गोपालगंज जिले के जादोपुर थानाध्यक्ष पिंटू कुमार, कुचायकोट थानाध्यक्ष सुनील कुमार और विश्वंभरपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार को शराब तथा गांजा तस्करों से सांठगांठ के आरोप में निलंबित कर दिया है।

————————————————————————

राज्य निर्वाचन आयोग ने गोपालगंज जिले के कटैया प्रखंड के रामदास बगही पंचायत के मुखिया ग्रिजेश कुमार शर्मा को इक्कीस वर्ष से कम आयु होने के कारण पदमुक्त कर दिया है।

————————————————————————

गया के गुरूआ थाना क्षेत्र के कठवारा गांव से पुलिस ने कुख्यात नक्सली बैद्यनाथ यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से पुलिस से लूटी गयी एक राईफल और अट्ठाईस कारतूस भी बरामद किये गये हैं।

————————————————————————

पटना जिले के नौबतपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत परसा गांव से पुलिस ने नौ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार भी बरामद किये गये हैं।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– झारखंड में तेरह और बीस नवम्बर को मतदान। महाराष्ट्र में बीस नवम्बर को एक चरण में मतदान कराने का चुनाव आयोग ने किया ऐलान।

प्रभात खबर ने लिखा है– बिहार में चार सीटों पर तेरह नवम्बर को उपचुनाव, तेईस को परिणाम।

दैनिक भास्कर ने राज्य कैबिनेट के फैसले को प्रमुखता देते हुये लिखा है– बालू समेत सभी खनिजों के खनन में गड़बड़ी की तो दस लाख रूपये तक जुर्माना।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– काशी के विद्वानों का निर्णय पूरे देश में दीपावली इकतीस अक्टूबर को।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद और गहराया।

दैनिक आज की सुर्खी है– उमर अब्दुल्ला सहित नौ मंत्री आज लेंगे शपथ।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर……………

01. राज्य सरकार ने बालू समेत अन्य खनिजों के अवैध खनन पर दस लाख रूपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया।

02. प्रदेश में बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली दर में वृद्धि के प्रस्ताव को खारिज किया।

03. रेलवे ने बिहार के लिए चार अमृत भारत ट्रेन को मंजूरी दी। दरभंगा से दिल्ली, नई दिल्ली और हिसार तथा छपरा से पुणे के बीच ट्रेनों का होगा परिचालन।

04. और, पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आज से अन्तर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के तहत चांसलर ट्रॉफी की होगी शुरूआत।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।